मूल्य 1 रु.
वर्षः 15 - अंकः 12, मुंबई, शुक्रवार, 25 अप्रैल, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






## पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में बड़ी कार्रवाई

# एक आतंकी के घर को बम से उड़ाया

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सुरक्षाबलों ने आतंकियों पर बड़ी कार्रवाई की है। यह हमला बैसरन घाटी में हुआ था, जिसमें अमरनाथ यात्रा को लेकर अलर्ट के बीच एक बड़ी साजिश रची गई थी। अब इस साजिश में शामिल दो आतंकियों पर प्रशासन और सुरक्षाबलों ने कड़ा कदम उठाते हुए एक के घर को बम से उड़ाया, तो वहीं दूसरे के घर पर बुलडोजर से चला दिया है।

# मुस्लिम टूर गाइड पहलगाम में बना बीजेपी कार्यकर्ता के लिए देवदूत

## सैलानी के परिवार को बचाया... लेकिन खो दिया भाई



टूर गाइड नजाकत और अरविंद अग्रवाल

**पहलगाम।** कहते हैं आतंकवाद कोई धर्म नहीं होता है। पहलगाम आतंकी हमले में टूर गाइड नजाकत अहमद शाह ने एक भाजपा कार्यकर्ता के परिवार को बचाकर इसे यथार्थ साबित किया है। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर सीमा पार से आए आतंकवादियों ने जब हमला किया था तो उस समय घटनास्थल पर छत्तीसगढ़ भाजपा यूथ विंग के वर्कर अरविंद अग्रवाल भी अपने परिवार के साथ मौजूद थे। आतंकियों से अपने परिवार को बचाने का श्रेय अरविंद ने नजाकत को दिया है। हालांकि इस हमले में नजाकत ने अपने चचेरे भाई को खो दिया, जो पर्यटकों को घोड़े पर बैठाकर ले जाता था। आतंकी हमले में जिन दो कश्मीरी व्यक्तियों की मौत हुई थी, उसमें से एक नजकात अहमद शाह का चचेरा भाई भी है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## पहले बच्चों को बचाया फिर पत्नी कोः नजाकत

वहीं गोलीबारी की घटना को याद करते हुए नजाकत ने बताया कि हमला जिपलाइन के पास हुआ था। हमसे करीब 20 मीटर की दूरी पर गोलियां चल रहीं थी। नजाकत बताते हैं कि पहले मैंने सभी को लेटने के लिए कहा। उसके बाद बाड़ में दिख रहे छेद से मैंने बच्चों को बाहर निकाल दिया। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुरक्षित कर जब मैं वापिस लौटा तो अग्रवाल जी की पत्नी करीब डेढ़ किलोमीटर दूर थी। उन्हें वापिस लाया और कार से सबको लेकर श्रीनगर पहुंचा।

# इंसानियत की मिसाल बने मजीद खान



जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में धाराशिव जिले के 2 परिवार इस घटना स्थल से महज 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर थे। इन पर्यटकों ने बताया कि जब हमला हुआ, हम वहां से 3 से 4 किलोमीटर की दूरी पर थे। धाराशिव के परिवार ने बताया हमारे ड्राइवर ने बताया कि कुछ गड़बड़ हुई है, हमें तुरंत वहां से निकलना चाहिए। सुबह से हम देख रहे थे कि माहौल पूरी तरह शांत और सकारात्मक था। स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान कहीं भी आतंक का डर नहीं लगा। लेकिन अचानक जो कायरतापूर्ण हमला हुआ, उसने हमें हिला दिया। लौटते समय हमने देखा कि सेना ने पूरे इलाके को अपने नियंत्रण में ले लिया था।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



# अब कहा हैं जेम्स बॉन्ड

## पहलगाम हमले पर सामना ने सरकार को ठहराया दोषी, कहा- भाजपा को शर्म आनी चाहिए

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 26 भारतीय और दो विदेशी नागरिक मारे गए। शिवसेना यूबीटी ने इस आतंकी हमले का जिम्मेदार भाजपा को माना है। शिवसेना यूबीटी ने अपने सामना मुखपत्र में आतंकवादी हमले का दोषी भाजपा और भाजपा द्वारा अपनाई गई नीति को बताया है। शिवसेना यूबीटी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ जानलेवा आतंकवादी हमला खुफिया तंत्र की विफलता का परिणाम है और केंद्र शासित प्रदेश के मुद्दे केवल पाकिस्तान को धमकाने से नहीं सुलझेंगे। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने अपने मुखपत्र सामना के संपादकीय में तीखे शब्दों में कहा कि अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी किए जाने के बावजूद कश्मीर घाटी में हिंसा थमी नहीं है और हिंदुओं को अब भी निशाना बनाया जा रहा है। विपक्षी पार्टी ने अपनी पूर्व सहयोगी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने वर्ष 2019 में संविधान के इस विवादित प्रावधान को हटाए जाने के बाद राजनीतिक उत्सव मनाया था लेकिन घाटी में हिंदुओं को उनके हाल पर छोड़ दिया गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### मकसद आतंक मिटाना है

**यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब-तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए- भारत के सामने असल चुनौती यह है।**

पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सख्त संदेश देते हुए पांच महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनके तहत सिंधु जल संधि को लंबित अवस्था में डाल दिया गया है, अटारी चौकी को बंद कर दिया गया है, अब पाकिस्तानी नागरिकों को सार्क वीजा रियायत योजना की सुविधा नहीं मिलेगी, नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में तैनात रक्षा, सेना, नौ सेना और वायु सेना सलाहकारों को भारत से जाने को कहा गया है और इस्लामाबाद स्थित अपने सलाहकारों को भारत वापस बुला रहा है; तथा दोनों स्थानों पर उच्चायोगों में कर्मचारियों की संख्या 55 घटा कर 30 करने का फैसला हुआ है। इनके बीच सिंधु जल संधि को निलंबित करने का व्यवहार में क्या असर होगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। योजना अगर भारत से पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोकना है, तो उसके लिए ढांचा बनाना होगा, जो तुरंत नहीं हो सकता। वैसे भी यह विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुआ करार है, जिसे अंतरराष्ट्रीय पंचाट में ले जाने का पाकिस्तान को अधिकार है। बाकी निर्णयों के जरिए दिए गए सख्त पैगाम संभवतः जितना पाकिस्तान के लिए है, उतना ही भारत की नाराज जनता के लिए भी। बहरहाल, इन कदमों से आतंकवाद की कमर तोड़ने में क्या मदद मिलेगी, यह साफ नहीं है। भारत इस नतीजे पर है कि पहलगाम हमला लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दहशतगर्दों ने किया, जिन्हें पाकिस्तान का संरक्षण हासिल है। इसलिए पाकिस्तान को सख्त संदेश देना तो जरूरी है, फिर भी अंतिम उद्देश्य आतंकवादी संगठनों और उनके समर्थक ढांचे को ध्वस्त करना होना चाहिए। उसके लिए सरकार की क्या योजना है, इसको लेकर अस्पष्टता बनी हुई है। अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट ऑपरेशन जैसे कदम भी सख्त संदेश देने के अलावा कुछ हासिल नहीं कर सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण हकीकत है कि आतंकवादी जब-तब हमारे सुरक्षा घेरे में छिद्र ढूंढने में कामयाब होते रहे हैं। इस मोर्चे पर कहां चूक रह जाती है और इन छिद्रों को कैसे भरा जाए- भारत के सामने असल चुनौती यह है। चुनौती अपने लोगों को आतंक के साये से सुरक्षा देना है। आशा है, सरकार इसके लिए भी कारगर योजना बनाएगी।

# पाकिस्तान की इस कायराना हरकत पर मुंह तोड जवाब दें मोदी सरकार : रतन सिंह चौहान

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अभी हाल ही में आतंकिस्तान देश पाकिस्तान द्वारा पहलगाम में निर्दोष भारतीयों का कत्लेआम किया गया है जिसको लेकर पूरे देश में पाकिस्तान की इस कायराना हरकत को लेकर जबरदस्त गुस्सा हैं। इसको लेकर ब्यावर जिले की भीम तहसील के लगेतखेड़ा निवासी युवा समाजसेवी रतन सिंह चौहान ने पाकिस्तान कड़ी भर्त्सना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग की हैं कि मोदी जी समस्त आतंकियों समूल सफाया करके हमारे निर्दोष भारतीयों



की मौत का बदला लें। चौहान ने कहा कि केन्द्र में मजबूर नहीं बल्कि एक मजबूत सरकार बैठी है जिससे कि पूरे देश को बहुत उम्मीदें हैं। चौहान ने कहा कि देश के किसी भी क्षेत्र में विशेषकर पाकिस्तान से लगती सीमा पर स्थित सभी क्षेत्रों में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी घटनाओं का मुंह तोड जवाब दिया जाना चाहिए। चौहान ने कहा कि अब भारत की सहनशक्ति की सीमा समाप्त हो चुकी है अब पाकिस्तान को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दुष्ट पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सेना को बिल्कुल खुली छूट दी जानी चाहिए। चौहान ने कहा कि भारत को अब पाकिस्तान से किसी भी तरह का कोई रिश्ता नहीं रखना चाहिए। चौहान ने कहा कि अब पाकिस्तान पर एक ओर सर्जिकल स्ट्राइक की सख्त आवश्यकता है। चौहान ने कहा कि मोदी सरकार को पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने के लिए उसके घर में घुसकर मारना चाहिए तभी भारतवासियों के कलेजे को ठंडक मिलेगी। चौहान ने कहा कि भारत को आतंकियों से खतरा कम बल्कि हिन्दूस्तान में रहने वाले गद्दारों से ज्यादा है। चौहान ने कहा कि मोदी सरकार को वैध या अवैध रुप से भारत में रह रहे पाकिस्तानियों को तत्काल प्रभाव से बाहर करना चाहिए।

# महिला अधिकारियों से दुर्व्यवहार का मामला: जांच नहीं, जुगाड़ चला

## आरोपी को मिला मुख्यालय में अटैचमेंट, एमडी की भूमिका सवालों में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के अंतर्गत संचालित बरखेड़ा पठानी स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र में संविदा पर पदस्थ वैज्ञानिक डॉ. दीपक द्विवेदी पर महिला अधिकारियों के साथ अशोभनीय व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगने के बावजूद विभाग ने उनके विरुद्ध कोई सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है। इसके विपरीत, उन्हें 'सम्मानजनक' रूप से संघ के मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है।

यह फैसला विभाग के प्रबंध संचालक विभाष कुमार ठाकुर द्वारा लिया गया, जिसने न केवल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि महिला अधिकारियों की सुरक्षा और गरिमा को लेकर शासन की मंशा पर भी गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, बीते सप्ताह के भीतर दो महिला अधिकारियों ने डॉ. द्विवेदी के खिलाफ अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराईं। पहली शिकायत केमिकल साइंटिस्ट विजेयता श्रीवास्तव द्वारा की गई थी, जिसमें निरंतर मानसिक प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार का आरोप था।

दूसरी शिकायत समीक्षा बैठक के दौरान की गई घटना को लेकर थी, जहाँ डॉ. द्विवेदी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से न केवल अभद्र भाषा में बात की, बल्कि रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने से भी








इनकार कर दिया। इस दौरान कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उक्त व्यवहार को अत्यंत आपत्तिजनक बताया। इन शिकायतों के बावजूद विभागीय स्तर पर तत्काल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। बल्कि उलटे, प्रबंध संचालक द्वारा डॉ. द्विवेदी को उनके अनुरोध पर मुख्यालय में तैनात कर दिया गया। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यह तैनाती विभागीय मानकों के प्रतिकूल है और इससे साफ संदेश गया है कि आरोपी अधिकारी को संरक्षण दिया जा रहा है। इससे प्रबंध संचालक विभाष कुमार ठाकुर की भूमिका भी कटघरे में आ गई है। इस संबंध में लघु वनोपज संघ का पक्ष जानने के लिए के प्रबंध संचालक ठाकुर एवं संविदा वैज्ञानिक द्विवेदी से सम्पर्क करने की कोशिश की, पर सम्पर्क नहीं हो पाया। विभाग के अंदर इस घटनाक्रम को लेकर जबरदस्त असंतोष है। कर्मचारी वर्ग इस निर्णय को महिला सम्मान और संस्थागत अनुशासन के खिलाफ मान रहा है।

कई अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि ऐसा ही संरक्षण मिलता रहा, तो महिला अधिकारी भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत करने से हिचकेंगी। इससे विभागीय वातावरण असुरक्षित और पक्षपातपूर्ण बन जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों का यह भी कहना है कि डॉ. द्विवेदी का कुछ प्रभावशाली अधिकारियों से निकट संबंध रहा है, जिसकी वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी गई। यही कारण है कि विभाग में यह धारणा बन रही है कि अगर कोई अधिकारी उच्च संपर्क में है, तो उसे किसी भी तरह की शिकायत से डरने की आवश्यकता नहीं है।

इस पूरे प्रकरण ने शासन की महिला सुरक्षा और सम्मान की नीति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। एक ओर मुख्यमंत्री मंचों से महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके ही अधीनस्थ विभाग में महिला अधिकारियों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे यह आभास होता है कि सरकार की नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सरकार इस मामले को लेकर कोई सख्त कदम उठाती है या इसे भी अन्य विवादों की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा। यदि इस पर शीघ्र और पारदर्शी कार्रवाई नहीं हुई, तो यह घटना विभाग की साख के साथ-साथ महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और आत्मसम्मान को भी गंभीर खतरे में डाल सकती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# भिवंडी शहर के UPSC में सफल होने वाले पहले अभ्यार्थी सय्यद मोहम्मद आरिफ मोइन के सम्मान रियाज आजमी ने किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**मुंबई।** भिवंडी शहर के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब शहर के होनहार युवक सय्यद मोहम्मद आरिफ मोइन ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। वे भिवंडी के पहले युवा हैं जिन्होंने इस परीक्षा सफलता प्राप्त करके देश के मानचित्र पर पूरे शहर का नाम रोशन कर दिया है। इस गौरवशाली उपलब्धि की खुशी में शहर के उद्योगपति रियाज आजमी द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक क्षेत्रों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आरिफ मोइन को सम्मानित किया गया और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया। रियाज आजमी ने अपने संबोधन में कहा, आज आरिफ मोइन ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, लगन और अपने लक्ष्य के संकल्प से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है। भिवंडी के युवाओं को अब उनके नक्शे-कदम पर चल कर अपने सपनो की उड़ान को साकार करते बड़े लक्ष्य तय करने चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र, युवा और समाजसेवी उपस्थित रहे और सभी ने आरिफ मोइन को उनकी सफलता पर बधाइयाँ दीं। यह समारोह न केवल एक सम्मान कार्यक्रम था, बल्कि भिवंडी के युवाओं के लिए एक संदेश भी था कि सपने देखें, मेहनत करें और देश की सेवा के लिए आगे आएं।

# मुंडे न्यूज चैनल को यूट्यूब से 'सिल्वर बटन' प्राप्त हुआ है




**मुंबई हलचल/रमाकांत मुंडे**

**रमाकांत** मुंडे के यूट्यूब चैनल 'मुंडे न्यूज चैनल' को आज एक लाख सब्सक्राइबर तक पहुंचने पर यूट्यूब की ओर से सिल्वर बटन मिला है। आज मुझे मुंबई आए 35 साल हो गए हैं और तब से मैं बॉलीवुड में फिल्म उद्योग की खबरों को कवर करता रहा हूं। आज मुझे यूट्यूब पर यह न्यूज चैनल लॉन्च करते हुए छह साल हो गए हैं। और मुझे यूट्यूब का सिल्वर बटन मिलने में मेरे बेटे हर्ष कुमार मुंडे की बहुत बड़ी भूमिका है। आज हर्ष कुमार फिल्म इंडस्ट्री में अपना नाम बना रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि मेरे और मेरे बेटे की कड़ी मेहनत की बदौलत हमें जल्द ही यूट्यूब गोल्डन बटन प्राप्त होगा।

# एनसीपी शरदचंद्र पवार पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश संघठक सचिव बने रमझान शेख

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री. जयंतराव पाटिल साहेब की स्वीकृति से तथा पार्टी के विधायक दल के नेता मा. श्री.डॉ. जितेंद्रजी आव्हाड साहेब के मार्गदर्शन में आज ठाणे के पचपाखड़ी स्थित एनसीपी शरद चंद्र पवार पार्टी के मुख्यालय में नवी मुंबई विभाग के खारघर से रमझान शेख को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार पार्टी का महाराष्ट्र प्रदेश संगठक सचिव नियुक्त किया गया। पार्टी के आधार स्तंभ आ. शरदचंद्रजी पवार साहब द्वारा देश और महाराष्ट्र के लिए किए गए कार्यों, साथ ही आ. जितेंद्र आव्हाड साहब की राजनीति में स्पष्ट भूमिका और आम लोगों के प्रति उनके स्नेह से प्रेरित होकर, मैं पार्टी के साथ रहकर अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित करने का और पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए डॉ. जितेंद्रजी आव्हाड साहब के मार्गदर्शन में काम करनेका संकल्प रमझान शेख ने लिया। इस अवसर पर ठाणे शहर जिला के अध्यक्ष मा .श्री सुहास भाई देसाई, खारघर विभाग के कार्यकर्ता अमीर शाह मीरू, जावेद सैयद, वाजिद शेख, अशरफ खान और भी बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भस्मांचल का पहला पोस्टर चेन्नई के AGT होटल में लॉन्च किया गया




**मुंबई हलचल/रमाकांत मुंडे**

भस्मांचल का पहला पोस्टर - एक दमदार हिंदी मेगा ड्रामा जिसमें 40 से अधिक कलाकार शामिल हैं - चेन्नई के AGT होटल में आधिकारिक रूप से लॉन्च किया गया। पुराने आश्रमों और अनाथालयों की थीम पर आधारित यह नाटक प्रसिद्ध मलयालम ड्रामा खनालशिखरम से प्रेरित है। पूरे भारत में, खासकर मुंबई और अन्य शहरों में, 15 से 20 मंच प्रस्तुतियों के साथ एक राष्ट्रीय दौरे की योजना बनाई गई है।

# महिला अधिकारियों से दुर्व्यवहार का मामलाः जांच नहीं, जुगाड़ चला



**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ के अंतर्गत संचालित बरखेड़ा पठानी स्थित लघु वनोपज प्रसंस्करण केंद्र में संविदा पर पदस्थ वैज्ञानिक डॉ. दीपक द्विवेदी पर महिला अधिकारियों के साथ अशोभनीय व्यवहार और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगने के बावजूद विभाग ने उनके विरुद्ध कोई सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है। इसके विपरीत, उन्हें 'सम्मानजनक' रूप से संघ के मुख्यालय में अटैच कर दिया गया है। यह फैसला विभाग के प्रबंध संचालक विभाष कुमार ठाकुर द्वारा लिया गया, जिसने न केवल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि महिला अधिकारियों की सुरक्षा और गरिमा को लेकर शासन की मंशा पर भी गंभीर संदेह पैदा कर दिया है।

सूत्रों के अनुसार, बीते सप्ताह के भीतर दो महिला अधिकारियों ने डॉ. द्विवेदी के खिलाफ अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराईं। पहली शिकायत केमिकल साइंटिस्ट विजेयता श्रीवास्तव द्वारा की गई थी, जिसमें निरंतर मानसिक प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार का आरोप था। दूसरी शिकायत समीक्षा बैठक के दौरान की गई घटना को लेकर थी, जहाँ डॉ. द्विवेदी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से न केवल अभद्र भाषा में बात की, बल्कि रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने से भी इनकार कर दिया। इस दौरान कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने उक्त व्यवहार को अत्यंत आपत्तिजनक बताया। इन शिकायतों के बावजूद विभागीय स्तर पर तत्काल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। बल्कि उलटे, प्रबंध संचालक द्वारा डॉ. द्विवेदी को उनके अनुरोध पर मुख्यालय में तैनात कर दिया गया। विभागीय सूत्र बताते हैं कि यह तैनाती विभागीय मानकों के प्रतिकूल है और इससे साफ संदेश गया है कि आरोपी अधिकारी को संरक्षण दिया जा रहा है। इससे प्रबंध संचालक विभाष कुमार ठाकुर की भूमिका भी कटघरे में आ गई है। इस संबंध में लघु वनोपज संघ का पक्ष जानने के लिए के प्रबंध संचालक ठाकुर एवं संविदा वैज्ञानिक द्विवेदी से सम्पर्क करने की कोशिश की, पर सम्पर्क नहीं हो पाया। विभाग के अंदर इस घटनाक्रम को लेकर जबरदस्त असंतोष है। कर्मचारी वर्ग इस निर्णय को महिला सम्मान और संस्थागत अनुशासन के खिलाफ मान रहा है। कई अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यदि ऐसा ही संरक्षण मिलता रहा, तो महिला अधिकारी भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत करने से हिचकेंगी। इससे विभागीय वातावरण असुरक्षित और पक्षपातपूर्ण बन जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों का यह भी कहना है कि डॉ. द्विवेदी का कुछ प्रभावशाली अधिकारियों से निकट संबंध रहा है, जिसकी वजह से उनके खिलाफ कार्रवाई रोक दी गई। यही कारण है कि विभाग में यह धारणा बन रही है कि अगर कोई अधिकारी उच्च संपर्क में है, तो उसे किसी भी तरह की शिकायत से डरने की आवश्यकता नहीं है। इस पूरे प्रकरण ने शासन की महिला सुरक्षा और सम्मान की नीति पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। एक ओर मुख्यमंत्री मंचों से महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके ही अधीनस्थ विभाग में महिला अधिकारियों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इससे यह आभास होता है कि सरकार की नीतियों और जमीनी हकीकत के बीच बड़ा अंतर है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुस्लिम टूर गाइड पहलगाम में बना बीजेपी कार्यकर्ता के लिए देवदूत

अरविंद अग्रवाल पहलगाम हमले की आपबीती बताते हुए कहते हैं कि मेरी चार साल की बेटी और पत्नी मुझसे थोड़ी दूर थे। मेरे गाइड नजाकत उनके साथ थे। उनके पास एक दंपति और उनका बच्चा था। उन्होंने कहा कि जब गोलीबारी शुरू हुई, तो नजाकत ने सभी को लेटने के लिए कहा और मेरी बेटी और मेरे दोस्त के बेटे को गले लगाकर उनकी जान बचाई। इसके बाद वह उन्हें सुरक्षित जगह पर ले गया। इसके बाद मेरी पत्नी को बचाने गया। उन्होंने बताया कि एक घंटे तक उन्हें नहीं पता था कि उनका परिवार सुरक्षित है या नहीं। बाद में अस्पताल में ही उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी को देखा।

### इंसानियत की मिसाल बने मजीद खान

बड़ी संख्या में एम्बुलेंस दौड़ रही थीं, जिससे हमें बड़ी घटना होने का अंदेशा हुआ। इस मुश्किल घड़ी में इंसानियत की मिसाल बने मजीद खान नाम के ड्राइवर ने हमें ढांढस बंधाया। उसने हमें हिम्मत दी। उसने कहा, ह्यअगर आप लोगों को होटल में डर लग रहा हो तो मेरे घर चलिए। उसका यह व्यवहार हमारे लिए बहुत सहारा देने वाला था। इससे साबित होता है कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा जून-जुलाई में शुरू होती है, और पहलगाम उसका मुख्य प्रवेश द्वार है। इसलिए लगता है कि ये हमला यात्रा को रोकने की साजिश हो सकती है।


### अब कहा हैं जेम्स बॉन्ड

पार्टी ने दावा किया कि पांच अगस्त 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में अब तक 197 सुरक्षाकर्मी, 135 आम नागरिक और 700 आतंकी मारे जा चुके हैं। मंगलवार को दक्षिण कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में आतंकवादियों ने हमला कर दिया था जिसमें कम से कम 26 लोगों की जान गई। अधिकांश अन्य राज्यों से आए पर्यटक थे।

## खबर संक्षेप

### कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र की मौत

**कोटा।** दिल्ली से नीट की तैयारी करने आए छात्र का शव गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास मिला।



शुरुआती जांच में बताया कि छात्र ने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या की है। लैंडमार्क सिटी इलाके में स्थित घटनास्थल पर आत्महत्या से संबंधित कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। 48 घंटे के भीतर आत्महत्या का यह दूसरा मामला है।

### जल जीवन मिशन घोटाले में जोशी गिरफ्तार


**जयपुर।** कांग्रेस नेता महेश जोशी ईडी मुख्यालय पहुंचे। वे निजी सहायक के साथ ईडी कार्यालय



आए, जहां उनसे जल जीवन मिशन घोटाले के सिलसिले में पूछताछ की जा रही थी। ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा ईडी के द्वारा पहले भी कई बार समन भेजे गए थे, लेकिन वे व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो रहे थे।

### कोलकाता में 2 'कॉल सेंटर' मिले, 16 अरेस्ट

**कोलकाता।** कोलकाता में पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार कर कथित रूप से विदेशी नागरिकों को



ठगने वाले फर्जी दो 'कॉल सेंटर' का भंडाफोड़ किया है। सेलिमपुर और बेहाला में दो अवैध 'कॉल सेंटर' पर छापेमारी की गई और वहां से कई मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, हेडफोन और दस्तावेज जब्त किए गए।

### 3 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार



कर 3 करोड़ मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। शर्मा ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सिल्दुबी में भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया है। 10 हजार याबा टैबलेट जब्त कीं, जिनका मूल्य 3 करोड़ है।

---

#### लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर बोले पीएम मोदी

# 'बिहार में रेल संपर्क को बढ़ावा' की प्रतिबद्धता को केंद्र ने पूरा किया, विद्युत आपूर्ति भी बढ़ेगी

बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने 1,170 करोड़ की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। गोपालगंज में एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की भी आधारशिला रखी।



मुंबई हलचल / मधुबनी

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार के एक दिवसीय दौरे के क्रम में मधुबनी पहुंचे। यहां उन्होंने झंझारपुर प्रखंड के लोहना उत्तर ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने रिमोट के जरिए 13,480 करोड़ से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात देशवासियों को दी। बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। मोदी ने गोपालगंज जिले के हथुआ में लगभग 340 करोड़की लागत से बनने वाले एक एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र और रेल अनलोडिंग सुविधा की आधारशिला रखी। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए उन्होंने बिहार में 1,170 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखी और पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 5,030 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया।

## प्रधानमंत्री ने मधुबनी में 13,480 करोड़ रुपए की योजनाओं की दी सौगात

### ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

देशभर में रेल संपर्क को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएण मोदी ने सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस, जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल और पिपरा और सहरसा तथा सहरसा और समस्तीपुर के बीच ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपौल पिपरा रेल लाइन, हसनपुर बिथान रेल लाइन और छपरा और बगहा में दो 2-लेन रेल ओवर ब्रिज का भी उद्घाटन किया। उन्होंने खगड़िया-अलौली रेल लाइन को भी राष्ट्र को समर्पित किया।



**5 लाभार्थियों को चाबियां दी, 10 लाख को किस्तें दी**

उन्होंने दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहार के दो लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लगभग 930 करोड़ के सामुदायिक निवेश कोष के लाभ वितरित किए। इस अवसर पर पीएमएवाई-ग्रामीण के 15 लाख नए लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी दिए गए और देश भर के 10 लाख पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को किस्तें जारी की गईं। उन्होंने बिहार में एक लाख पीएमएवाई-जी और 54,000 पीएमएवाई-यू घरों के गृह प्रवेश को चिन्हित करते हुए पांच लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। कई श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

### अलौली में पहली बार दौड़ी ट्रेन, लोग उत्साहित होकर नाचने- झूमने लगे

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक रहा। तत्कालीन रेल मंत्री केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के गृह क्षेत्र अलौली में पहली



बार ट्रेन दौड़ी। इस का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया। स्पेशन ट्रेन अलौली से सहरसा के लिए रवाना की गई।पासवान ने 1998 में खगड़िया-कुशेश्वर रेलखंड की परियोजना की मंजूरी दी थी। ट्रेन के परिचालन शुरू होने से स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल। यह सुविधा सामाजिक और आर्थिक रूप से एक बड़ा परिवर्तन है। स्थानीय लोगों में खासा उत्साह दिखा, झूमे और नाचे। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और रोजगार के क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

#### नीतीश की फिर दो टूक

### हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक फिर भरोसा दिया कि वे भाजपा को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर कहा कि उनकी पार्टी राजद के खिलाफ मजबूती से लड़ती रहेगी। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया।

---

#### इस्लामी आतंक और लाल सलाम पर वार

## 1 हजार नक्सलियों को सेना ने घेरा, पांच माओवादी ढेर



मुंबई हलचल / बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक बार फिर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। करीगुट्टा की पहाड़ियों में घने जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों का मुकाबला किया। इसमें सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में 5 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस अभियान में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और तेलंगाना के 20,000 सुरक्षाकर्मी हिस्सा ले रहे हैं। 1,000 से अधिक नक्सली अब सुरक्षाबलों के घेरे में हैं। सर्च अभियान में सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली ठिकानों का पता लगाकर उन्हें ध्वस्त किया। इस दौरान 6 सोलर प्लेट, 2 नक्सली वर्दियां, 2 छत पंखे, और अन्य सामग्री मिली है। अभियान का संचालन सीआरपीएफ की विशेष यूनिट कोबरा की 208वीं बटालियन द्वारा जीदपल्ली स्थित कैंप से किया जा रहा है।

### 14 माओवादियों ने किया सरेंडर

**हैदराबाद।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (माओवादी) के 14 सदस्यों ने तेलंगाना पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक, अलग-अलग कैडरों से संबंधित 14 माओवादियों ने सरेंडर किया है, जिसमें 2 एरिया कमेटी के सदस्य भी शामिल हैं। इन्होंने वारंगल पुलिस आयुक्तालय में मल्टी जोन 1 के पुलिस महानिरीक्षक एस चंद्रशेखर रेड्डी के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि अब तक इस साल 250 माओवादी सरेंडर कर चुके हैं।

### मणिपुर में भी 3 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले से कई अभियानों के दौरान 3 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) के एक सक्रिय सदस्य को नोंगपोक संजेनबाम में गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान लौशंबम सुंदर सिंह उर्फ बुंगबुंग (34) के रूप में हुई है। उस पर व्यापारियों से जबरन वसूली का आरोप है। प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लुप के एक सदस्य को केइबी हेइकक मपाल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जबकि पीआरईपीएके के एक सदस्य को सॉओमबुंग पौराबी से पकड़ा गया। इसमें हथियार और गोला-बारूद का जखीरा भी बरामद किया गया, जिसमें तीन एसएमजी कार्बाइन और मैगजीन, एक 9 एमएम पिस्तौल, एक मैगजीन और चार हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।

---

#### बंगाल हिंसा का मामला अदालत पहुंचा

## अब हाईकोर्ट ने सुवेंदु को दी मुर्शिदाबाद जाने की अनुमति

मुंबई हलचल / कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट नेभाजपा नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को मुर्शिदाबाद के उन क्षेत्रों का दौरा



करने की अनुमति दी, जो हाल ही में संसद में पारित वक्फ विधेयक के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान व्यापक हिंसा से प्रभावित हुए थे। जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस राजा बसु चौधरी की खंडपीठ ने यह अनुमति दी। साथ ही यह स्पष्ट किया,वे न तो कोई जुलूस निकालेंगे, न कोई रैली करेंगे और न ही कोई ऐसा सार्वजनिक भाषण देंगे, जिससे शांति भंग हो सकती है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एडवोकेट ने उच्च न्यायालय को बताया कि उन्होंने संबंधित प्राधिकरण को निर्देश देने के लिए यह रिट याचिका दायर की, जिससे याचिकाकर्ताओं को दो अन्य व्यक्तियों और सुरक्षा बलों के साथ धुलियान, सुत्ती और शमशेरगंज जैसे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की अनुमति मिल सके। कोई अप्रिय घटना न हो।

## पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा और इंसानियत की मिसाल

**मुंबई हलचल/सैय्यद अल्ताफ हुसैन**

**बीकानेर।** जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर, पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में हुई आतंकवादी घटना की कठोरतम शब्दों में निंदा करती है। यह एक कायराना और अमानवीय कृत्य है, जो न केवल देश की सुरक्षा पर हमला है, बल्कि इंसानियत, अमन और शांति के मूल्यों पर भी गहरी चोट है। जमीअत उलमा-ए-हिन्द शाखा बीकानेर के महासिचव मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी ने प्रेस रिलीज करते हुए बताया कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि धर्म की आड़ लेकर हिंसा को अंजाम देना न सिर्फ निंदनीय है, बल्कि यह मजहब की मूल शिक्षाओं के भी विरुद्ध है। इस्लाम सहित कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की हत्या या भय फैलाने की अनुमति नहीं देता। आतंक का कोई धर्म नहीं होता, और ऐसे कृत्य समाज में नफरत फैलाने की कोशिश हैं, जिन्हें किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दर्दनाक घटना के बीच जो सबसे उल्लेखनीय बात उभरकर आई, वह है आम कश्मीरियों की मानवीयता और सहानुभूति। हम विशेष रूप से उन स्थानीय निवासियों की सराहना करते हैं जिन्होंने पीड़ितों





की सहायता के लिए आगे बढ़कर इंसानियत का फर्ज.निभाया – घायलों को अस्पताल पहुँचाना हो या जरूरी सहायता देना, उनकी मदद ने यह साबित कर दिया कि कश्मीर की मिट्टी सिर्फ खूबसूरती की नहीं, बल्कि मोहब्बत और भाईचारे की भी प्रतीक है। ऐसी घटनाएँ जहां एक ओर हमें दुःख देती हैं, वहीं दूसरी ओर यह भी दिखाती हैं कि नफरत का जवाब मोहब्बत से दिया जा सकता है। जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर, इस जज्बे को सलाम करती है और देश में एकता, सद्भाव और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने का संकल्प लेती है। हम हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं साथ ही हम घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हैं। जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर, देशवासियों से अपील करती है कि वे एकजुट होकर ऐसे कृत्यों के खिलाफ खड़े हों और अपने-अपने स्तर पर समाज में शांति और भाईचारे का पैगाम फैलाएं।

मौलाना मोहम्मद इरशाद कासमी महासचिव जमीअत उलमा-ए-हिन्द, शाखा बीकानेर

---

#### स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गईं उषा वेंस

# जयपुर से वॉशिंगटन के लिए रवाना हुए उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, सिटी पैलेस का दौरा रद्द

मुंबई हलचल / जयपुर

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार के साथ चार दिवसीय यात्रा के बाद गुरुवार सुबह वाशिंगटन के लिए रवाना हो गए। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उन्होंने वाशिंगटन के लिए विशेष विमान से उड़ान भरी। सोमवार रात वेंस दिल्ली से जयपुर पहुंचे थे। पहलगाम हमले के बाद जयपुर में सिटी पैलेस का उनका कार्यक्रम रद्द हो गया था।अपनी इस भारत यात्रा के दौरान वेंस ने जयपुर में आमेर किला देखा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में भारत-अमेरिका संबंधों पर भाषण दिया।

इससे पहले वे बुधवार को आगरा में ताजमहल देखने गए। वेंस परिवार ने सोमवार को दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर के दर्शन किए। साथ ही राजधानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने वैंस और उनके परिवार के लिए डिनर की मेजबानी की। उनका यह दौरा राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूती देने वाला माना जा रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, आगरा भ्रमण के दौरान पहलगाम आतंकी हमले की खबर को लेकर भी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा की साथी दुख की इस घड़ी पर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पहलगाम आतंकी हमले की उन्होंने कड़ी निंदा की और अमेरिका की ओर से भारत को आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से भारत-अमेरिका संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है

**जयपुर की दुकान पर प्याज और दाल कचोड़ी का स्वाद भी चखा**

**उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा- अमेरिका, भारत के साथ खड़ा है**






### मिठाई की दुकान पर पहुंची पत्नी उषा, 2 किलो मिठाई खरीदी

*जेडी वेंस की पत्नी उषा चिलुकुरी बुधवार दोपहर को अचानक जयपुर के टोंक रोड स्थित रावत मिष्ठान भंडार पहुंचीं। यहां उन्होंने कई तरह की मिठाइयां खरीदीं और प्याज कचौरी व दाल कचौरी का स्वाद चखा। वे मिठाई की शॉप से करीब 2 किलो मिठाई भी लेकर गई हैं। इसमें आधा किलो काजू तरबूज, 250 ग्राम काजू-बादाम, पिस्ता से बने ठंडाई लड्डू, 250 ग्राम शहद से बने हनी लड्डू और एक किलो मैंगो, स्ट्रॉबेरी और नार्मल फ्लेवर वाली काजू कतली लेकर गई हैं। रावत मिष्ठान भंडार के जनरल मैनेजर जीएल मीणा ने बताया कि इस दौरान भुदेव देवड़ा और आज्ञा देवडा ने ऊषा वेंस का स्वागत भी किया।*

---

#### ताउम्र नहीं मिटने वाले दर्द की दुखभरी दास्तां, नहीं थम रहा आंसुओं का सैलाब

## जिस आंगन में मढा बांधकर निकली थी बारात, 7 वें दिन उठी दूल्हे की अर्थी

मुंबई हलचल / करनाल

अप्रैल माह की 16 तारीख और सेक्टर-7 में खुद बनाए अपने सपनों के घर का आंगन। जहां मढा बांधने के बाद नई जिंदगी की शुरुआत के लिए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बारात निकली थी मगर ठीक सातवें दिन बुधवार को उसी जगह से विनय की अर्थी उठी। जिस जगह पर मंगल गीत गाए जा रहे थे, वहां अब चीख पुकार मची है। महज सप्ताह भर में ही घर की खुशियां मातम में बदल गईं और माता-पिता के अलावा दादा-दादी को भी जिंदगी भर का दर्द दे गई। वहीं सबसे बड़ा दर्द पत्नी हिमांशी के लिए है, जिसने अभी ससुराल के माहौल को भी ठीक से समझा नहीं था।

पति के साथ उनकी शादी के बाद होने वाली कईं रस्में भी शेष थीं। जिस मढे को खुशियों के साथ बांधा गया था, उसे भी खोलना अभी बाकी था। पहलगाम में आतंकियों ने 6दिनों में 7जन्मों के लिए बंधन में बंधे विनय और हिमांशी के रिश्ते को खत्म कर दिया। मंडप से पति का हाथ थाम कर जिंदगी बिताने का ख्वाब देखने वाली हिमांशी अब पति के पार्थिव शरीर पर अपने हाथ पटकते हुए पति से सहारा मांग रही है। मढा एक रस्म है, जिसे शादी से पूर्व पितृ पूजन करके घर के आंगन में मटके के ढक्कन आदि को सुतली में पिरोकर बांधा जाता है और शादी संपन्न होने के बाद उसे खोलते हैं।

### शौक से पहना सुहाग चूड़ा, अब सूनी कलाइयां



*शादी से पहले हिमांशी ने शौक से सुहाग का चूड़ा पहना था। जिसके पति के जाते ही उतरने पर कलाइयां सूनी पड़ गईं। अब बेसुध हिमांशी को समझ नहीं आ रहा कि उसकी खुशियों भरी जिंदगी की शुरुआत में ही ये कैसे हो गया। साथ जीने-मरने की खाई कस्मों को आतंकियों ने तोड़ दिया। हाथों में सजा सुहाग चूड़ा भी पति के पार्थिव शरीर पर पटक कर तोड़ा गया। पति की मौत से पत्नी हिमांशी अभी भी सदमे में है। जिसे परिवार के लोग पकड़कर सहारा देने का प्रयास कर रहे हैं।*

### घर में पड़ी मिठाइयों की मिठास हो गई फीकी

इकलौते बेटे की शादी का दादा और पिता सहित रिश्तेदारों, संबंधियों ने सेक्टर-7 स्थित घर में जश्न मनाया था। सभी के लिए उन्होंने अलग-अलग कार्यक्रम भी आयोजित किए थे। खूब मिठाइयां बांटी गई थी। मंगलवार रात तक उनके घर पर शादी की मिठाइयां थीं।

### साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां, पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**भावनगर।** पहलगाम में हुआ हमला पूरे देश को बड़ा दर्द दे गया। खुशियां बटोरने कश्मीर गए परिवारों ने सोचा भी न होगा कि यह सफर आखिरी होगा। हमले में मारे गए पर्यटकों के शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए गए हैं। पूरे देश के अलग-अलग राज्यों के इन मृत पर्यटकों के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही है। हमले में मारे गए गुजरात के पिता-पुत्र की अर्थियां एक साथ उठीं तो पूरे शहर की आंखें नम हो गईं।



वहीं पुणे में एक बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। पिता की चिता से उठती आग को देख रही बिटिया की आंखों में भी न्याय की चाह दिखी। पहलगाम हमले में मारे गए पुणे के कौस्तुभ गणबोटे के जीवन का पहला सफर ही आखिरी बन गया। स्नैक्स कारोबारी गणबोटे अपने दोस्त संतोष जगदाले के परिवार के साथ जम्मू-कश्मीर गए थे। उनके पड़ोसी सुनील मोरे ने बताया कि पूरी जिंदगी कौस्तुभ गणबोटे अपने कारोबार को बढ़ाने में व्यस्त रहे। यह पहली बार था जब उन्होंने और उनकी पत्नी संगीता ने शहर से बाहर यात्रा करने का फैसला किया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## पीएम मोदी ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को ऑनलाइन किया संबोधित

# इस्पात उत्पादन बढ़ाने निष्क्रिय पड़ी नई खदानों से लौह अयस्क होगा निकालना

मुंबई हलचल / मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को उद्योग जगत से 'मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी से आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत' बनाने के लिए साथ मिलकर काम करने को कहा। प्रधानमंत्री ने इंडिया इस्पात 2025 कार्यक्रम को 'ऑनलाइन' संबोधित करते हुए यह भी कहा कि देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए अपनी वैश्विक भागीदारी को मजबूत करने की आवश्यकता है।

पीएम ने उद्योग से इस्पात उत्पादन बढ़ाने के लिए अप्रयुक्त नयी खदानों से लौह अयस्क निकालना शुरू करने का भी आह्वान किया। मोदी ने इस्पात को 'उभरता हुआ क्षेत्र' बताते हुए इसका उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता बतायी, जो विकास की 'रीढ़' है। उन्होंने नई प्रक्रियाओं को अपनाने, नवोन्मेष करने, सर्वोत्तम गतिविधियों का आदान-प्रदान करने और कोयले का आयात कम करने पर भी विचार करने को कहा।

### कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात के लिए बड़ी चिंता

मोदी ने इस्पात उद्योग के प्रतिनिधियों को अपने संबोधन में कहा, "आइए, हम एक मजबूत, हितकारी बदलावों को तेजी आगे बढ़ाने वाला और इस्पात जैसा सुदृढ़ भारत बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने स्वीकार किया कि कच्चा माल प्राप्त करना इस्पात क्षेत्र के लिए एक 'बड़ी चिंता' है।

**'इस्पात जैसा मजबूत भारत' बनाने मिलकर काम करे उद्योग**

**देश को कच्चे माल की सुरक्षा के लिए वैश्विक भागीदारी बढ़ानी होगी**

**इस्पात को बताया उभरता हुआ क्षेत्र, बढ़ाना होगा उत्पादन**

*__नए खदानों का उपयोग नहीं हो पाया :__ मोदी ने कहा कि कई नयी खदानें हैं, जिनका उपयोग नहीं हो पाया है। उनका उचित और समय पर उपयोग किया जाना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगाह किया कि ऐसा नहीं होने पर देश और उद्योग दोनों को नुकसान होगा।*

*__इस्पात की खपत 160 किलो करने का लक्ष्य :__ प्रधानमंत्री ने कहा कि उद्योग को भविष्य के लिए तैयार रहना चाहिए और नई प्रक्रियाओं, नये स्तर और नये पैमाने को अपनाना चाहिए। मोदी ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक इस्पात उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करना है, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 17.9 करोड़ टन था। साथ ही प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत भी इसी अवधि में वर्तमान 98 किलो से बढ़ाकर 160 किलो करने का लक्ष्य है।*



### निकल, कोयला व मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर

पीएम ने सभी से वैश्विक साझेदारी को मजबूत करने और आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा, "एक बड़ी चिंता कच्चे माल की सुरक्षा है। हम अभी भी निकल, कोकिंग कोयला और मैंगनीज के लिए आयात पर निर्भर हैं। और इसीलिए, हमें वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना चाहिए, आपूर्ति व्यवस्था को सुरक्षित करना चाहिए और प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।"

### उच्च स्तर के इस्पात की मांग बढ़ेगी

पीएम ने कहा कि बड़ी परियोजनाओं की बढ़ती संख्या उच्च स्तर के इस्पात की मांग को बढ़ाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले स्वदेशी विमानवाहक पोत विक्रांत और चंद्रयान मिशन में इस्तेमाल किया गया इस्पात स्थानीय स्तर पर विनिर्मित किया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश निर्यात बाजार पर नजर रखते हुए आधुनिक और बड़े जहाज बनाने की महत्वाकांक्षा रखता है।

### निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना होगा

मोदी ने कहा कि ऐसे कार्यों के लिए उच्च श्रेणी के इस्पात की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि इस्पात के मामले में लक्ष्य आयात को शून्य स्तर पर लाने और शुद्ध निर्यात को बढ़ावा देने पर होना चाहिए। देश का लक्ष्य 2047 तक इस्पात के मौजूदा 2.5 करोड़ टन निर्यात को बढ़ाकर 50 करोड़ टन करना है।



# पंचतत्व में विलीन हुए शुभम, सीएम योगी ने कानपुर पहुंच दी श्रद्धांजलि, बंधाया परिजनों को ढांढस

**कानपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 25 अन्य लोगों के साथ गोली मारकर असमय मौत के घाट उतारे गये श्री शुभम द्विवेदी के कानपुर के महराजपुर स्थित हाथी गांव के पैतृक आवास पर पहुंचकर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही शोकाकुल परिजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस भी बंधाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोक संतप्त परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हम पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जिस तरीके से आतंकवादियों ने मां-बहनों के सिन्दूर के साथ बर्बरता की है। उसी प्रकार से आतंकवादियों और उनके आकाओं को सजा जरूर मिलेगी। सीएम योगी ने यह भी कहा कि पहलगाम की घटना बताती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि जाति और धर्म पूछकर बहन-बेटियों के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ा जाए, भारत के अंदर यह कतई स्वीकार्य नहीं ह। मुख्य मंत्री ने कहा किपहलगाम की घटना बताती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांस ले रहा ह लेकिन जाति और धर्म पूछकर बहन-बेटियों के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ा जाए, भारत के अंदर यह कतई स्वीकार्य नहीं है। यहां उनके साथ विधान सभाध्यक्ष सतीश महाना, मंत्री राकेश सचान, सांसद रमेश अवस्थी सहित भाजपा के सभी विधायक नेता और पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों लोगं मौजूद रहे।

**चाचा ने दी चिता को मुखाग्नि**

आज यहां गुरुवार को जम्मू काश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा 25 अन्य के साथ गोलीमार कर मौत के घाट उतारे गये शुभम को सैकड़ों लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों के साथ अतिम विधाई दी। शुभम का अ्ितम संस्कार आज यहां महराजपुर के ड्योढी घाट पर किया गया। शुभम की चिता को मुखाग्नि उनके चाचा मनोज द्विवेदी ने दी और क्रिया कर्म श्रवण कुमार पंडा द्वारा कराया गया।

इस मौके पर शासन, प्रशासन और लोगों को तांता लगा रहा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ये 7 हर्बल टी शरीर को रखती हैं स्वस्थ आप भी करें ट्राई

भारत में लगभग 90 प्रतिशत लोग सुबह नाश्ता करने से पहले टी या चाय पीना पसंद करते हैं। ज्यादातर लोग तो इसको पीए बिना दिन की शुरूआत ही नहीं कर पाते। चाय पीने की आदत पड़ जाए तो लोग इसे पीए बिना रह भी नहीं सकते। इसके बिना कुछ लोगों को सिर दर्द और थकावट महसूस होने लगती है। बहुत से लोगों का यह भी मानना है कि चाय पीने से शरीर में चुस्ती बनी रहती है। चाय भी बहुत प्रकार की होती हैं जैसे ब्लैक टी, ग्रीन टी, व्हाइट टी, लेमन टी, कैमोमाइल आदि। अलग- अलग प्रकार और अलग स्वाद होने के साथ- साथ इनको पीने से कई तरह के फायदे भी होते हैं। आइए जानते हैं अलग-अलग तरह की चाय पीने से मिलने वाले अलग-अलग फायदों को बारे में।

**1. ब्लैक टी**

रोजाना एक कप काली चाय पीने से शरीर स्वस्थ रहता है। इसका सेवन करने से दिल संबंधित समस्याएं नहीं होती। काली चाय से डायबिटीज होने का खतरा कम होता है। यह दिमाग की कोशिकाओं को ठीक रखता है। इसको पीने से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर होने की संभावना कम होने के साथ ही यह मुंह के कैंसर को रोकने में भी मददगार होता है। जिन लोगों का पांचन तंत्र ठीक नहीं रहता उन्हें रोजाना 1 कप काली चाय



पीनी चाहिए। इसके साथ ही इसको अपनी डाइट में शामिल करने से प्रोस्टेट, ओवेरियन और फेफड़ों के कैंसर से बचा जा सकता है।

**2. ग्रीन टी**

मोटापे की समस्या से निजात दिलाने के लिए ग्रीन टी फायदेमंद है। ग्रीन टी पीने से बुढ़ापा जल्दी नहीं आता। रोजाना इसका सेवन करने से कैंसर से लड़ने की शक्ति मिलती है। हड्डियों को मजबूत करने के लिए ग्रीन टी पीनी चाहिए। इस बात का ध्यान रख कि कभी भी खाली पेट इसका सेवन न करें। आप दोपहर के खाने के बाद इसको पी सकते हैं।

**3. व्हाइट टी**

व्हाइट टी एक प्रकार की हर्बल चाय है यह Camellia sinensis plant से बनती है। इसमें पाएं जाने वाले एंटी एजिंग गुण त्वचा को हमेशा जवां बनाए रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा इसको पीने से चेहरे पर झुर्रियां भी नहीं आती। व्हाइट टी ब्लड सकुर्लेशन को सही करने और हार्ट को हेल्दी रखने में सहायक है। रोजाना केवल 3 से 4 कप सफेद टी ही पीनी चाहिए। इससे ज्यादा पीने से स्वास्थ्य को नुकसान भी हो सकता है।

**4. लेमन टी**

जिन लोगों के मुंह से बदबू आती है उनको रोजाना इसका सेवन करना चाहिए। इससे मुंह से आने वाली दुगंध दूर हो जाएगी। इसके साथ ही गले में खराश होने पर भी इसको पीने से फायदा मिलता है। पेट संबंधित समस्याओं से निजात पाने के लिए दिन में 1 कप लेन टी पीएं। अल्सर की समस्या होने पर लेमन टी का सेवन करने से बचें।

**5. स्टार अनीस टी**

स्टार अनीस टी कब्ज, एसीडिटी, उल्टी, दस्त, पेट से संबंधित समस्याओं को दूर करता है। दिन में 1 कप स्टार अनीस टी पीने से पांचन तंत्र में सुधार आने से व्यक्ति की सेहत भी बनने लगती है।

**6. रोज टी**

इसके नाम से ही पता चलता है कि यह गुलाब के पत्तों से बनी है। इसका सेवन करने पेट की परेशानियां दूर होती है और चहरे पर निखार भी आता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन बी3, विटामिन सी, विटामिन डी, विटामिन ई होता है, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**7. कैमोमाइल टी**

कैमोमाइल टी पीने से नींद ना आने सी समस्या दूर होने के साथ ही इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। सर्दी-जुकाम होने पर इसको पीने से फायदा मिलता है। पीरियड के दिनों में इसका सेवन करने से पीरियड में होने वाली पेन से भी राहत मिलती है।

**जरूरी बात**

अगर आप ने इसका सेवन पहले नहीं किया है और इसको पीने से कोई परेशानी हो रही हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें। जरूरी नहीं कि जो चीज किसी और को सूट करें वो आपके के लिए भी बेहतर हो।

## आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर है अश्वगंधा, दूर करें कई बीमारियां

आयुर्वेदिक औषधि गुणों से भरपूर अश्वगंधा का इस्तेमाल कई बीमारियों को दूर करने के लिए किया जाता है। अश्वगंधा को तेल, कैप्सूल और पाउडर के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। कई रोगों की आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली अश्वगंधा का सेवन व्हाइट डिस्चार्ज, हाई ब्लड प्रैशर, कैंसर, आंखो की रोशनी बढ़ाने, टीबी और अस्थमा की समस्या को दूर करता है। आज हम आपको बताएंगे कि आपको अश्वगंधा का सेवन कितनी मात्रा और किस तरह करना चाहिए, जिससे कि आप बीमारियों को दूर कर सकें। तो चलिए जानते है आयुर्वेदिक औषधि गुणों से भरपूर अश्वगंधा के चमत्कारी फायदे और सेवन करने का तरीके के बारे में।

1. कैंसर


रोजाना इसके कैप्सूल या पाउडर का सेवन शरीर में कैंसर सेल्स को मारने का काम करता है। अगर आपको कैंसर है, तो अश्वगंधा का सेवन से आप उसको दूर कर सकते हैं।

2. दिल के रोग

अश्वगंधा कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल करके हृदय की माशपेशियों को मजबूत बनाता है। एक शोध के अनुसार इसका सेवन दिल के रोगों और हार्ट अटैक के खतरे को कम करता है।

3. अस्थमा

रोज 1 कैप्सूल या 1 चम्मच अश्वगंधा पाउडर



का सेवन अस्थमा की समस्या को दूर करता है। इसके अलावा यह इम्यून सिस्टम को बढ़ा खांसी, कमजोरी, कफ, गठिया जैसे रोगों को भी दूर करने में मददगार होता है।

4. हाई ब्लड प्रेशर

1 गिलास दूध में इसका पाउडर मिलाकर पीने से बीपी और हाई ब्लड प्रेशर की प्रॉब्लम दूर होती है। नियमित रूप से इसका सेवन डायबिटीज को भी दूर करता है।

5. पेट इंफैक्शन

अश्वगंधा, मिश्री और सोंठ को मिलाकर गर्म पीने के साथ खाने से कब्ज, पेट दर्द, इंफैक्शन और अल्सर की समस्या दूर हो जाती है।

6. व्हाइट डिस्चार्ज

1/2 अश्वगंधा पाउडर को गर्म पानी के साथ मिलाकर नियमित सेवन करने से व्हाइट डिस्चार्ज की समस्या दूर हो जाती है।

7. आंखों की रोशनी

आंखों की रोशनी तेज करने के लिए अश्वगंधा, मुलेठी और आंवला को मिलाकर रोजाना सेवन करें। इससे अलावा रोजाना इसका 1 कैप्सूल खाने से भी आंखों की रोशनी तेज होती है।

8. इम्यून सिस्टम मजबूत

रोजाना इसके 1 काप्सूल का सेवन इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। इसके अलावा टीबी की समस्या होने पर भी इसके कैप्सूल या पाउडर का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

## स्टीम फेशियल के लिए पानी में मिलाएं ये हर्ब्स, मिलेगा निखार

आजकल लड़कियां डेड स्किन से छुटकारा पाने और खूबसूरती बढ़ाने के लिए स्टीम फेशियल करवाती है। कुछ महिलाएं तो पार्लर जाने की बजाए घर पर ही स्टीम फेशियल करवा पसंद करती है लेकिन कई बार इससे चेहरे पर निखार नहीं आता। आज हम आपको कुछ ऐसे हर्ब्स के बारे में बताने जा रहें है जिससे आपके चेहरे पर पार्लर से भी ज्यादा ग्लो आएगा। इन हर्ब्स को पानी में मिलाकर भाप लेने के बाद फेशियल करने से आपके चेहरे पर दोगुना ग्लो आ जाता है। तो आइए जानते है किस तरह हर्ब्स की मदद से आप चेहरे को ग्लोइंग और खूबसूरत बना सकती हैं।

**1. सौंफ का तेल**

इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स 30 की उम्र के बाद दिखने वाले प्रभाव को कम कर देता है। स्टीम फेशियल करते समय पानी में इस तेल को मिक्स करें। इसके बाद भाप लें और फेशियल करने के बाद फेस मास्क और फिर मॉइश्चराइजर लगाएं।

**2. लैवेंडर ऑयल**

एंटीफंगल, एंटीसेप्टिक और एंटीइंफ्लेमेंटरी गुणों के कारण यह चेहरे के लिए बहुत अच्छा होता है। स्टीम फेशियल में इसका इस्तेमाल स्किन को फ्री-रेडिकल डैमेज से बचाता है।

**3. पार्स्ले**

पार्स्ले ऑयल नैचुरल एस्ट्रिंजेन्ट होता है, जिससे एक्ने की समस्या जड़ से खत्म हो जाती है। फ्रेश पार्स्ले को पानी में डालकर उबाल लें और इसके बाद चेहरे को भाप दें।

**4. टी–ट्री ऑयल**

इसे पानी में डालकर करीब 10-15 मिनट तक भाप लें। इसके बाद फेशियल करके मॉइश्चराइजर अप्लाई करें। हफ्ते में 1 बार इसका इस्तेमाल एक्ने और डार्क स्पोट्र्स की समस्या को खत्म करता है।

**5. सैंडलवुड या कैमोमाइल**

इसमें मौजूद हाईड्रेटिंग और एंटी-इंफ्लेमेंटरी ड्राय स्किन की समस्याओं को खत्म करती है। सैंडलवुड को कैमेमाइल एसेंशियल ऑयल में मिलाकर पानी में डालें और भाप लें। इससे आपका चेहरा हेल्दी और ग्लोइंग हो जाएगा।





दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# धनश्री इस फिल्म में आएंगी नजर

**डांस** कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा बीते दिनों अपने पूर्व पति और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ तलाक को लेकर सुर्खियों में थी। तलाक के बाद अब धनश्री वर्मा एक्टिंग में डेब्यू के लिए तैयार हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। बॉलीवुड कलाकारों को डांस की ट्रेनिंग देने वाली धनश्री वर्मा अब खुद फिल्मों में एक्टिंग करने वाली हैं। धनश्री वर्मा दिल राजू की अपकमिंग फिल्म में नजर आएंगी। धनश्री वर्मा ने खुद फिल्म से जुड़ी जानकारी दी है और बताया है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक धनश्री वर्मा की अपकमिंग फिल्म को श्री शशि कुमार डायरेक्टर कर रहे हैं और जल्द ही फिल्म की पूरी कास्ट से जुड़ी जानकारी सामने आएगी। धनश्री वर्मा जिस फिल्म से एक्टिंग में डेब्यू करने जा रही हैं, वो तेलुगू फिल्म है और फिल्म का नाम आकासम दाती वास्तव है। इस फिल्म को दिल राजू बना रहे हैं। फिल्म के शूटिंग सेट से ली गई कुछ तस्वीरें धनश्री वर्मा ने अपनी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है और कैप्शन में लिखा, और शूटिंग पूरी हुई।



# मलाइका अरोड़ा ने उठाया म्यूजिकल शो का लुत्फ

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। मलाइका आए दिन अपने फैंस के लिए सोशल मीडिया पर फोटोज और वीडियो शेयर करती रहती है। ऐसे में अब एक बार फिर से मलाइका अरोड़ा ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। उन्होंने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में 'NYC' लिखा है। इसमें उन्होंने न्यूयॉर्क शहर की खास झलक शेयर की हैं। अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने न्यूयॉर्क शहर में अपनी छुट्टियों का आनंद लिया और अपने प्रशंसकों को इसकी एक झलक दिखाई। उन्होंने न्यूयॉर्क के कुछ खूबसूरत नजारे शेयर किए और एक म्यूज़िकल शो का लुत्फ उठाया, जिसमें कुछ संगीतकार गिटार के साथ गाना गाते हुए नजर आ रहे हैं। एक फोटो में, वह लाल रंग की ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैं। उन्होंने शहर में स्वादिष्ट भोजन की फोटोज भी पोस्ट कीं और उसका एक नजारा भी साझा किया। जैसे ही उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डाला, नेटिजेंस ने कमेंट सेक्शन में प्यार की बौछार कर दी। एक यूजर ने लिखा कि न्यूयॉर्क सिटी गर्ल। दूसरे यूजर ने लिखा कि सुंदरता के स्तर के लिए बिल्कुल अवाक। इस बीच, काम की बात करे, तो मलाइका ने लैक्मे फैशन वीक में अपने शोस्टॉपर लुक से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। मलाइका के लिए, भारत ने हमेशा कुछ अद्भुत फैशन का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें कढ़ाई और हथकरघा शिल्प शामिल हैं। उनका मानना है कि इस तरह के शिल्प को वैश्विक प्लेटफार्मों पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि भारतीय फै शन को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर रखा जा सके। उन्होंने कहा था कि मेरे हिसाब से, भारत ने हमेशा कुछ अद्भुत फैशन का प्रतिनिधित्व किया है।





# अबीर गुलाल पर लगा बैन

पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान की आने वाली फिल्म अबीर गुलाल को भारत में रिलीज पर बैन लगा हुआ है। क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर इसके बहिष्कार का आह्वान किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि फिल्म को भारत में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा। बता दें कि फवाद खान की फिल्म में वाणी कपूर लीड भूमिका में है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज द्वारा भारतीय फिल्म एवं मनोरंजन उद्योग के सभी पाकिस्तानी कलाकारों, गायकों और तकनीशियनों के साथ पूर्ण असहयोग करने का आग्रह करने के बाद यह कदम उठाया गया। बुधवार को जारी एक बयान में, एफडब्ल्यूआईसीई ने फवाद खान के साथ बॉलीवुड के हालिया सहयोग को ध्यान में रखते हुए सभी पाकिस्तानी कलाकारों का पूर्ण बहिष्कार जारी किया।